Campus Parent सेटअप संबंधी निर्देश

माता-पिता:
फ़ोन:
ईमेल:
संबंध:

महत्वपूर्ण: माता-पिता/अभिभावकों को आपके बच्चे की परिवहन संबंधी जानकारी, मुफ़्त और कम कीमत वाले लंच के लिए आवेदन, रिपोर्ट कार्ड, उपस्थिति, ग्रेड, असाइनमेंट और ट्रांसक्रिप्ट देखने के लिए अपना CAMPUS PARENT पोर्टल खाता बनाना होगा।
यदि आपने पहले ही अपना Francis Howell Campus Parent खाता सेटअप कर लिया है, तो कृपया इस पत्र को अनदेखा करें। यह CAMPUS STUDENT खाते के बारे में नहीं है।

नीचे आपको अपनी निजी 'Activation Key (सक्रियण कुंजी)' मिलेगी, जो आपको Francis Howell स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए अपना स्वयं का Campus Parent पोर्टल खाता बनाने देगी। हमें उम्मीद है कि Campus Parent आपके बच्चे के शैक्षणिक विकास पर नज़र रखने के लिए एक मूल्यवान साधन के रूप में काम करेगा।

CAMPUS PARENT ऐक्सेस:

विद्यार्थी का नाम:

विद्यार्थी आईडी#:

ग्रेड:

Activation Key (सक्रियण कुंजी):

Campus Parent क्या है?

Campus Parent माता-पिता के लिए हमारा ऐसा साधन है, जिससे वे इसके सहित सुरक्षित, ऑनलाइन विद्यार्थी जानकारी तुरंत ऐक्सेस कर सकते हैं: परिवहन, भोजन लाभ आवेदन, कक्षा समयसारणी, असाइनमेंट, उपस्थिति, अनुशासनात्मक कार्रवाई, आगामी वर्ष के लिए पाठ्यक्रम पंजीकरण, रिपोर्ट कार्ड और ट्रांसक्रिप्ट।

Campus Parent माता-पिता और विद्यार्थियों के साथ हमारे संचार कार्यक्रम को उन्नत बना कर शैक्षिक उत्कृष्टता को और भी बेहतर बनाने का काम करता है।

Campus Parent खाते के लिए कौन **पात्र है?**

वर्तमान विद्यार्थियों के माता-पिता या अभिभावक उपयोग की शर्तों और नियमों को स्वीकार करके Campus Parent खाता सक्रिय करने के लिए पात्र हैं। डिस्ट्रिक्ट स्वचालित रूप से प्रत्येक सक्रिय FHSD विद्यार्थी के लिए एक Campus Student खाता बनाता है। विद्यार्थी खाते विद्यार्थियों को केवल **अपनी** व्यक्तिगत जानकारी की निगरानी करने देते हैं, जबकि माता-पिता खाते डिस्ट्रिक्ट में नामांकित अपने **सभी** बच्चों की जानकारी ऐक्सेस कर सकते हैं।

मुझे Campus Parent या Campus Student के बारे में अतिरिक्त जानकारी कहाँ मिल सकती है?

आपको स्कूल और डिस्ट्रिक्ट वेबपेजिस पर Campus Portal के तहत अतिरिक्त जानकारी मिलेगी।
Using the GUID/Activation Key to Create Usernames and Passwords (उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड बनाने के लिए GUID/सक्रियण कुंजी का उपयोग करना):
सक्रियण कुंजी की आवश्यकता केवल पहली बार के उपयोगकर्ताओं को अपना खाता सेटअप करने के लिए पोर्टल को ऐक्सेस करते समय होती है।
Campus Parent Login (लॉगिन) पेज पर जाएं:
https://francishowellmo.infinitecampus.org/campus/portal/parents/francis.jsp

यदि किसी अन्य भाषा की आवश्यकता है, तो विंडो के नीचे विकल्पों पर क्लिक करें, इस समय बहुत सीमित भाषा-विकल्प उपलब्ध हैं।





साइन इन स्क्रीन के नीचे, आपको "नया उपयोगकर्ता?" दिखाई देगा।

1. <u>यह विकल्प **केवल** तभी उपयोग किया जाता है जब आप अपने Campus Parent खाते को पहली बार ऐक्सेस और सेटअप करते हैं।</u>
2. प्रदान की गई 32-वर्ण सक्रियण कुंजी दर्ज करें और **Submit** **(सबमिट करें)** चुनें।
3. सक्रियण कुंजी सत्यापित की जाएगी और फिर **Username** **(उपयोगकर्ता नाम) और** **Password** **(पासवर्ड)** बनाने के लिए एक स्क्रीन प्रदर्शित होगी।
4. अनूठा और कम से कम 5 वर्ण लंबा **Username** **(उपयोगकर्ता नाम)** दर्ज करें।
5. **Password** **(पासवर्ड)** दर्ज करें। ऐसा पासवर्ड बनाना उचित है जो अल्फ़ान्यूमेरिक हो, (जिसमें अक्षर और अंक दोनों शामिल हों), तथा जिसकी लंबाई (8) वर्णों से कम न हो।
6. **Verify Password** **(पासवर्ड सत्यापित करें)** फ़ील्ड में दूसरी बार पासवर्ड दर्ज करें।
7. **Create Account** **(खाता बनाएं)** बटन पर क्लिक करें।
8. **Security email address** **(सुरक्षा ईमेल पता)** दर्ज करें और अपना नया पोर्टल पासवर्ड दोबारा दर्ज करें।

ध्यान दें: यदि आप अपना उपयोगकर्ता नाम या पासवर्ड भूल जाते हैं, तो उन्हें पुनर्प्राप्त करने में आपकी सहायता के लिए लिंक वाला एक ईमेल इस सुरक्षा ईमेल पते पर भेजा जाएगा।

उन उपयोगकर्ताओं के लिए जिन्होंने अपने Campus Parent को सक्रिय कर लिया है, लेकिन अपना पासवर्ड या उपयोगकर्ता नाम भूल गए हैं:

- **Forgot Username?** (उपयोगकर्ता नाम भूल गए?) पर क्लिक करें।

अपने उपयोगकर्ता नाम सहित ईमेल प्राप्त करने के लिए अपने खाते का सुरक्षा ईमेल पता दर्ज करें।

- **Forgot Password?** (पासवर्ड भूल गए?) पर क्लिक करें।

फ़ाइल में मौजूद अपने खाता सुरक्षा ईमेल पते पर पासवर्ड रीसेट लिंक भिजवाने के लिए अपना उपयोगकर्ता नाम दर्ज करें।



यह ईमेल **infinitecampushelp@fhsdschools.org** से आएगा।

अगर आपको ईमेल नहीं दिख रहा है, तो कृपया अपने जंक फ़ोल्डर की जाँच करें।

अगर आपको कोई ईमेल नहीं मिलता है, तो आप अपने खाते को ऐक्सेस करने में सहायता के लिए help.desk@fhsdschools.org या 636-851-HELP (4357) पर FHSD हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

Campus Parent और Campus Student ऐप्स आज़माएँ!